# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 4-7-26 | 3 | 5-7 |

## समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता एवं कौशल विकास हेतु रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हिसार, 3 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा युवाओं को कृषि आधारित उद्यमिता, कौशल विकास तथा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरियाणा के जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर तथा चरखी दादरी से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक के सहयोग व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने युवाओं से सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा करने की बजाय कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतीश मेहता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को केंचुआ खाद उत्पादन, जैविक खेती, फल-फूल एवं सब्जी नर्सरी प्रबंधन, ग्राफ्टिंग तकनीक, फॉरेस्ट प्लांट्स नर्सरी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, मशरूम उत्पादन, संरक्षित खेती, फल एवं सब्जियों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, टिशू कल्चर सहित अन्य विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।



प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अधिकारी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 4-7-26 | 2 | 1-3 |

# प्रशिक्षण से मिला आत्मनिर्भर बनने का मंत्र

## एचएयू के शिविर में समेकित कृषि प्रणाली और उद्यमिता का प्रशिक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में आयोजित एक माह के रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवाओं को समेकित कृषि प्रणाली और कृषि आधारित उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर आत्मनिर्भर बनाना रहा। शिविर में जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर और चरखी दादरी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कृषि आधारित उद्यमिता, कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक के मार्गदर्शन एवं सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

संस्थान के सहनिदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने युवाओं से सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा करने के बजाय कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने का आह्वान किया।



प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र बांटते अधिकारी। स्रोत : विवि


उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी दक्षता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतीश मेहता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को केंचुआ खाद उत्पादन, जैविक खेती, फल-फूल एवं सब्जी नर्सरी प्रबंधन, ग्राफ्टिंग तकनीक, फॉरेस्ट प्लांट्स नर्सरी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती तथा मशरूम उत्पादन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इसके अलावा संरक्षित खेती, फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, टिशू कल्चर, बेकरी एवं मधुमक्खी पालन, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन, सुरक्षित अनाज भंडारण तथा एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन की जानकारी भी दी गई। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर, भूपेंद्र सिंह, डॉ. विकास हुड्डा, डॉ. डी.के. शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 5.7.26 | 12 | 3-5 |



हिसार। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते सह निदेशक डॉ. अशोक गोदारा।

# कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान

- समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता एवं कौशल विकास के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से युवाओं को कृषि आधारित उद्यमिता, कौशल विकास तथा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरियाणा के जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर तथा चरखी दादरी से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक के सहयोग व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने युवाओं से सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा करने की बजाय कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी दक्षता एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतीश मेहता, संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर, भूपेन्द्र सिंह, डॉ. विकाश हुड्डा, डॉ. डीके शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5.7.26 | 3 | 8 |

## कृषि उद्यमिता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में समेकित कृषि प्रणाली पर एक माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें हरियाणा के जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर और चरखी दादरी सहित विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक नरेश कौशिक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के सह-निदेशक अशोक कुमार गोदारा ने कहा कि युवाओं को सरकारी नौकरी का इंतजार करने के बजाय कृषि आधारित उद्यम शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-7-26 | 5 | 1-5 |

# युवा कृषि आधारित उद्यम की दिशा में कदम बढ़ाएं

- समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता एवं कौशल विकास के लिए आयोजित रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन
- प्रशिक्षण में जींद, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, हिसार व चरखी दादरी से प्रतिभागियों ने लिया भाग

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा युवाओं को कृषि आधारित उद्यमिता, कौशल विकास तथा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरियाणा के जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर तथा चरखी दादरी से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डा. नरेश कौशिक के सहयोग व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

संस्थान के सह-निदेशक डा. अशोक कुमार गोदारा ने युवाओं से सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा करने की बजाय कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी दक्षता एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है।



प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अधिकारी • विज्ञप्ति

कार्यक्रम संयोजक डा. सतीश मेहता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को केंचुआ खाद उत्पादन, जैविक खेती, फल-फूल एवं सब्जी नर्सरी प्रबंधन, ग्राफ्टिंग तकनीक, फारेस्ट प्लांट्स नर्सरी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, मशरूम उत्पादन, संरक्षित खेती, फल एवं सब्जियों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, टिशू कल्चर, बेकरी एवं मधुमक्खी पालन, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन, सुरक्षित अनाज भंडारण तथा एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर विज्ञानी डा. संदीप भाकर, भूपेन्द्र सिंह, डा. विकास हुड्डा, डा. डीके शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।